सत्यमेव जयते

# षोडश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 07 चैत्र, 1939 (श0) / 28 मार्च, 2017 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 144**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | शिक्षा विभाग | .. | .. | 96 |
| (2) | अनुसूचित जाति एवं जन–जाति कल्याण विभाग | .. | .. | 05 |
| (3) | खान एवं भूतत्व विभाग | .. | .. | 02 |
| (4) | कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | .. | .. | 16 |
| (5) | समाज कल्याण विभाग | .. | .. | 11 |
| (6) | परिवहन विभाग | .. | .. | 04 |
| (7) | पर्यावरण एवं वन विभाग | .. | .. | 05 |
| (8) | विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | .. | .. | 01 |
| (9) | पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग | .. | .. | 02 |
| (10) | मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग | .. | .. | 02 |
| | | | कुल योग — | 144 |

जीर्णोद्धार करना

'क'-*1940. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर शहर स्थित अति प्राचीन चतुर्भुज स्थान मंदिर उपेक्षा के कारण जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मंदिर का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बस पड़ाव बनाना

'ख'-*2364. श्री लालबाबू राम--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत सकरा प्रखंड में सिजावलपुर चौक एवं सबहा चौक पर बस पड़ाव का निर्माण नहीं होने से यातायात में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित स्थान पर बस पड़ाव बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डी0पी0ओ0 पर कार्रवाई

*2621. श्री नन्द कुमार राय--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 1 जनवरी, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''विधायक के अपमान प्रकरण की होगी जाँच'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत प्रश्नकर्ता सदस्य ने शिक्षा विभाग के डी0पी0ओ0, मुजफ्फरपुर द्वारा जातीय दुर्भावना से माननीय सदस्य को अपमानित करने और शिला पट्ट पर स्थानीय नेता एवं अपना नाम दर्ज करके प्रोटोकॉल की उपेक्षा की शिकायत जिलाधिकारी, मुजफ्फरपुर से दिसम्बर, 2016 में की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 30 दिसम्बर, 2016 को जिलाधिकारी, मुजफ्फरपुर द्वारा दिये गये आदेश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी, पश्चिम द्वारा दिनांक 4 जनवरी, 2017 को जाँच प्रतिवेदन दिये जाने के बावजूद अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार डी0पी0ओ0 पर कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निःशक्ता आयुक्त का पद भरना

*2622. डॉ0 संजीव चौरसिया--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिव्यांगों को सुविधा प्रदान करने हेतु दिव्यांग जन-नीति बनी पर प्रदेश में अभीतक लागू नहीं हुई जबकि अन्य राज्यों में यह नीति लागू है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दिव्यांगों को सुविधा देने की परम्परा और नीति के बावजूद बिहार सरकार इस मामले में कारगर कदम नहीं उठा पा रही है ;

(3) क्या यह बात सही है कि दो महीने पहले निःशक्ता आयुक्त से सेवानिवृत्त होने के बावजूद यह पद अभी तक खाली है, इससे दिव्यांगों से जुड़े मामलों की सुनवाई ठप है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक प्रदेश में दिव्यांग जन-नीति लागू करने तथा रिक्त निःशक्ता आयुक्त के पद को भरने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-सदन द्वारा दिनांक 17 मार्च, 2017 को कला, संस्कृति एवं युवा विभाग में स्थानान्तरित ।
'ख'-सदन द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2017 को परिवहन विभाग में स्थानान्तरित ।

विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति

*2623. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर एवं दलसिंहसराय प्रखंड के उच्च विद्यालयों में गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषयों के रिक्त पदों के विरुद्ध शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति उक्त विद्यालयों में करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम निर्माण

*2624. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत बिहपुर, नारायणपुर एवं खरीक प्रखंडों में खेल स्टेडियम नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक खरीक प्रखंड में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय से थाना भवन हटाना

*2625. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बेगूसराय सदर प्रखंड में नीमा, चाँदपुरा हाई स्कूल अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उच्च विद्यालय के प्रांगण में ही थाना भवन निर्माण कराये जाने पर आमजनों के द्वारा विरोधस्वरूप दिनांक 14 फरवरी, 2016 को जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में सर्व-सम्मति से थाना भवन के निर्माण पर रोक लगाये जाने का निर्णय लिया गया था किन्तु अभीतक विधिवत रोक नहीं लगायी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उच्च विद्यालय नीमा, चाँदपुरा के प्रांगण में बनाये गये थाना भवन को बगल में पड़ी हुई सरकारी जमीन पर बनवाने का विचार रखती है ?

--------

कानूनी कार्रवाई करना

*2626. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला खनन कार्यालय ने पत्रांक 12361 खनन, दिनांक 6 सितम्बर, 2016 द्वारा बी0एस0सी0सी0 एंड सी0जे0सी0 कम्पनी के कुल तीन पट्टे हेतु खनिज सम्प्रेषण के लिये कुल 2,14,100 पन्ना परिवहन चालान निर्गत किये जाने एवं निर्गत चालान पर 34,24,000 टन माल ढोये जाने का आदेश दिया गया है परन्तु उक्त कम्पनी द्वारा 1.5 (डेढ़) करोड़ टन माल ढोया गया है जो अवैध है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अवैध खनन करने वाले संवेदक एवं संलिप्त पदाधिकारियों पर जाँचोपरांत कानूनी कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पठन-पाठन शुरू कराना

*2627. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी में पिछड़ा वर्ग छात्रावास लगभग 7 वर्ष एवं अति पिछड़ा वर्ग छात्रावास पिछले 3 वर्ष पूर्व बनाया गया था, जो गुणवत्ताविहिन होने के कारण विभाग द्वारा अधिग्रहण नहीं किया गया, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय भवन का प्रभार लेकर एवं उसकी मरम्मती कराकर पठन-पाठन शुरू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्यालय भवन का निर्माण

*2628. श्री सुधीर कुमार उर्फ बन्टी चौधरी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के अलीगंज प्रखण्डान्तर्गत अभीतक सी0 डी0 पी0 ओ0 का कार्यालय भवन का निर्माण नहीं किया गया है, जिसके कारण जन-कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में अनावश्यक विलम्ब होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखण्ड मुख्यालय में सी0 डी0 पी0 ओ0 कार्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्टेडियम का निर्माण

*2629. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत अमरपुर प्रखण्ड के पकैय पंचायत में उच्च विद्यालय, मेडिया नाथ अवस्थित है, जहाँ स्टेडियम बनाने हेतु पर्याप्त भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक प्रावधानानुसार यहाँपर स्टेडियम बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पढ़ाई शुरू कराना

*2630. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के चरपोखरी प्रखण्ड अंतर्गत मझीआँव पंचायत के मझीआँव ग्राम में राम प्रसाद रौशन इंटरस्तरीय उच्च विद्यालय स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय को 2 वर्ष पूर्व में (+2) का दर्जा प्राप्त हुआ है, परन्तु इंटर की पढ़ाई शुरू नहीं होने के कारण छात्रों को 8 कि0 मी0 की दूरी तयकर दूसरे स्थान पर शिक्षा ग्रहण करने हेतु जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय में कबतक (+2) की पढ़ाई शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उपलब्ध कराना

*2631. श्री दिनेश चन्द्र यादव--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत अनुमंडल मुख्यालय, सिमरी बख्तियारपुर से जिला एवं राजधानी के लिये एक भी बस सेवा उपलब्ध नहीं है, जिससे यात्रियों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार सिमरी बख्तियारपुर से सहरसा एवं पटना के लिये बस सेवा कबतक उपलब्ध करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करना

*2632. श्री दिनेश चन्द्र यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभागीय संकल्प संख्या 1021, दिनांक 5 जुलाई, 2013 द्वारा उच्च विद्यालयविहीन पंचायत में एक मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय बनाने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत महिषी प्रखण्ड के घोंघेपुर पंचायत में एक भी उच्च विद्यालय नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मध्य विद्यालय, घोंघेपुर जिसमें डेढ़ एकड़ जमीन है, को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

---

स्टेडियम का कार्य पूरा कराना

*2633. डॉ0 सी0 एन0 गुप्ता--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत छपरा नगर में राजकीय बालिका विद्यालय परिसर में इनडोर स्टेडियम का निर्माण 25 वर्ष पूर्व शुरू किया गया था, जो अबतक पूर्ण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त इन्डोर स्टेडियम का कार्य कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मध्य विद्यालय में उत्क्रमित करना

*2634. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड अंतर्गत कोरियाही पंचायत के ग्राम-भेभूआ स्थित उर्दू प्रा0 विद्यालय मध्य विद्यालय में उत्क्रमण की सारी अर्हताएँ पूर्ण करता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय से 6--8 कि0 मी0 की परिधि में एक भी उर्दू मध्य विद्यालय नहीं है जिसके कारण छात्रों को आगे की शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय को कबतक मध्य विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*2635. डॉ० फराज फातमी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी प्रखण्ड अन्तर्गत (+2) रामरिख सुन्दरी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बनबारी एवं अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास, बनबारी में चहारदीवारी का निर्माण नहीं रहने से बालिका शिक्षण कार्य में बाधा एवं सुरक्षा का अभाव महसूस करती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय एवं छात्रावास में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

दोषी एजेंसी एवं विभागीय पदाधिकारी पर कार्रवाई

*2636. श्री (मो०) जावेद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत पोठिया प्रखण्ड में बिहार आधारभूत संरचना विकास निगम के माध्यम से उ० उच्च विद्यालय, सोनापुर में भवन निर्माण किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन के निर्माण कार्य में लोकल बालू निम्न स्तर ईंट, दुर्गापुर, लोहा एवं सीमेंट की बहुत ही कम मात्रा देकर प्राक्कलन में भारी अनियमितता बरती जा रही है ;

(3) यदि उक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी एजेंसी एवं विभागीय पदाधिकारी पर उचित कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

बस का परिचालन

*2637. सुश्री पूनम कुमारी उर्फ पूनम पासवान--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला से मनीहारी की दूरी 26 कि०मी० है तथा जिला मुख्यालय से मनीहारी के बीच एक भी बस सेवा नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जिला मुख्यालय कटिहार से मनीहारी के बीच सरकारी बस या प्राईवेट बस चलवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

विश्वविद्यालय को पुनर्जीवित करना

*2638. श्री चन्द्र सेन प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत तेल्हाड़ा में प्रसिद्ध तिलाकर विश्वविद्यालय था, जो नालन्दा विश्वविद्यालय से लग'ग 453 वर्ष पुराना था, यदि हाँ, तो सरकार तिलाकर विश्वविद्यालय को नालन्दा विश्वविद्यालय के तर्ज पर पुनर्जीवित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## स्टेडियम का निर्माण

*2639. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई अनुमंडल में सिर्फ एक ही बड़ा मैदान सद्भावना मैदान अनुमंडल मुख्यालय में स्थित है, यदि हाँ, तो सरकार प्रावधानानुसार कबतक इस मैदान में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

## सी०डी०पी०ओ० पदस्थापित करना

*2640. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को चेहराकला प्रखंड के अतिरिक्त पटेढ़ी, बेलसर प्रखंड का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पटेढ़ी, बेलसर प्रखंड में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

## स्कूल भवन का जीर्णोद्धार

*2641. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि प्रखण्ड में गायघाट इंटरस्तरीय हाई स्कूल का भवन जर्जर स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त हाई स्कूल के भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

## अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति

*2642. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखण्ड में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी मो० अबुल कैसर का निधन सेवाकाल में ही वर्ष 2008 में हो गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पत्रांक 919, दिनांक 14 दिसम्बर, 2015 द्वारा स्व० मो० अबुल कैसर के पुत्र मो० दिलनवाज कैसर की अनुकम्पा पर नियुक्ति हेतु उनका आवेदन अन्य प्रमाण-पत्र सहित निदेशक (प्रा०शि०), बिहार सरकार, पटना को प्रेषित किया गया है, लेकिन अभीतक मो० दिलनवाज कैसर को अनुकम्पा पर बहाल नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मो० दिलनवाज कैसर को कबतक अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति करने का विचार करती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रधानाचार्य एवं शिक्षक की प्रतिनियुक्ति

*2643. श्री अरूण कुमार : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत संदेश विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कुल 22 हाई स्कूल हैं, जिनमें हेडमास्टर और शिक्षकों की कमी के कारण पठन पाठन की व्यवस्था चरमरा गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त उच्च विद्यालयों में हेडमास्टर एवं शिक्षक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है ?

विद्यालय का भवन पूर्ण कराना

*2644. श्री सुनील कुमार(28) : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत डुमरा प्रखण्ड स्थित मिर्जापुर पंचायत के पड़ड़ी उच्च विद्यालय का भवन निर्माण का कार्य विगत 12 वर्ष पूर्व प्रारम्भ किया गया था, परन्तु अभीतक उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अर्द्धनिर्मित विद्यालय भवन का पूर्ण निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सहायकों का स्थानान्तरण

*2645. श्री नारायण प्रसाद : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के जिला मुख्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना कार्यालयों में कार्यरत कार्यपालक सहायक को एक स्थान पर तीन वर्ष से अधिक समय तक पदस्थापित रहने पर स्थानान्तरित करने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्यालयों में पदस्थापित कार्यपालक सहायकों को स्थानान्तरित करने का आदेश मध्याह्न भोजन निदेशालय ने जुलाई, 2016 में दिया है, बावजूद इसके प० चम्पारण एवं पूर्वी चम्पारण जिला समेत अन्य जिलों में उक्त कर्मी का स्थानान्तरण नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित सहायकों का स्थानान्तरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

शिक्षकों का पदस्थापन

*2646. श्री विनोद कुमार सिंह : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग के आदेश सं० 20/प्र०7-50/2012……… 72, के आलोक में बिहार सरकार, पटना के ज्ञापांक 20/मु० 1-09/ 2014………72 दिनांक 25 अप्रील, 2014 के आदेशानुसार मुस्लिम मयनॉरिटी, अहमदिया, बी०एड० कॉलेज, कटिहार से निर्गत डिग्री को सरकार से मान्यता प्राप्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षा प्रोन्नति समिति, कटिहार द्वारा दिनांक 20 सितम्बर, 2016 को स्नातक वेतनमान (टी०जी०टी०) में प्रोन्नति हेतु कुल 433 (कला विज्ञान) शिक्षकों की अंतिम वरीयता सूची को अनुमोदित किया गया है तथा इस सूची से 412 (कला विज्ञान) शिक्षकों की पदस्थापना दिनांक 15 दिसम्बर, 2016 को कर दी गयी है, जबकि अनुमोदित सूची से बी०एड० योग्यताधारी शेष विज्ञान/कला के सूची में से कुछ शिक्षकों का पदस्थापन लंबित रखा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सूची के शेष लंबित शिक्षकों की पदस्थापना करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अतिरिक्त कक्षा भवन का निर्माण

*2647. श्री सीताराम यादव– क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत रूँगटा बालिका उच्च विद्यालय, जयनगर में करीब 2,300 छात्र/छात्राएँ नामांकित हैं, परन्तु कक्षा भवन कम रहने से पठन-पाठन कार्य में छात्र-छात्राओं को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में अतिरिक्त कक्षा भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवनविहीन मदरसा का भवन निर्माण

*2648. श्री राज कुमार राय– क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विथान प्रखण्ड के ग्राम-उजान स्थित मान्यताप्राप्त मदरसा में भवन निर्माण नहीं कराया गया है, जिससे शिक्षक एवं छात्र/छात्राओं को शिक्षण कार्य में दिक्कतें होती हैं, यदि हाँ, तो कबतक सरकार उक्त भवनहीन मान्यताप्राप्त मदरसा में भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शिक्षकों की पदस्थापना

*2649. श्री जितेन्द्र कुमार– क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अस्थावां विधान सभा अन्तर्गत मॉडल उच्च विद्यालय, मालती एवं बड़ी मलावा का भवन निर्माण 2 वर्ष पूर्व हुआ था किन्तु उक्त मॉडल उच्च विद्यालयों में न तो शिक्षक हैं और न ही पठन-पाठन का कार्य होता है जिसके कारण निर्मित भवन का लाभ नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मॉडल उच्च विद्यालयों में शिक्षकों की पदस्थापना कर पठन-पाठन सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पोषाहार उपलब्ध कराना

*2650. श्री नन्द किशोर यादव– क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला में वार्ड नं० 62 के केन्द्र सं० 50 एवं 59 सहित आँगनबाड़ी केन्द्रों को पोषाहार नहीं मिलने से दो माह से बच्चों को आहार नहीं मिल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि आँगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषाहार की व्यवस्था नहीं होने से बच्चों की उपस्थिति नगण्य हो गयी है और राजधानी के साढ़े सात हजार आँगनबाड़ी केन्द्र बंदी के कगार पर पहुँच गये हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक आँगनबाड़ी केन्द्रों में पोषाहार उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

लंबित राशि का भुगतान

*2651. सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत कटिहार जिला के कोढ़ा प्रखण्ड के मधुरा पंचायत के ग्राम रक्सी के वार्ड नं0 8 में सहीला खातुन, पिता-अब्दुल रशीद एवं तमन्ना परवीन, पिता मो0 मूसा सहित पूरे कटिहार जिला में अक्तूबर, 2013 से अबतक उक्त योजना से संबंधित अनुदान लाभार्थियों को नहीं मिला है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कोढ़ा तथा फलका प्रखण्डों सहित पूरे कटिहार जिला के लाभार्थियों के लंबित राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषी साधनसेवी एवं पदाधिकारी पर कार्रवाई

*2652. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य के पत्रांक 4/17, दिनांक 6 जनवरी, 2017 के द्वारा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मध्याह्न भोजन योजना समिति, कटिहार को बरारी, कुर्सेला एवं समेली प्रखण्ड के साधनसेवी एवं संवेदक के ऊपर चावल गबन के अलावे कई गंभीर आरोप लगाये गये थे;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आरोपों के आलोक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मध्याह्न भोजन योजना समिति, कटिहार ने प्रखण्ड बरारी के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया तथा लगाये गये सभी आरोपों को सही पाकर अपने पत्रांक 11, दिनांक 7 जनवरी, 2017 द्वारा संवेदक एवं साधनसेवी मध्याह्न भोजन योजना, बरारी से स्पष्टीकरण की माँग की गयी, लेकिन अभीतक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोषी साधनसेवी, संवेदक और संलिप्त पदाधिकारी के ऊपर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निविदा निष्पादन का कार्य प्रारम्भ करना

*2653. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि आँगनबाड़ी केन्द्र के द्वारा कुपोषण के शिकार बच्चों और महिलाओं को Micro Nutrient Fortified Energy Dense Food (MFEDE) वितरण करने हेतु State Mission Director, Bihar Integrated Child Development Service Society द्वारा Tender No. 12668 (Welfare) वित्तीय वर्ष 2016-17 के द्वितीय तिमाही में निकाला गया था, यदि हाँ, तो सरकार उक्त निविदा में भाग लेने वाले निविदाकारों की संख्या बताने और प्रकाशित निविदा की शर्तों के अनुरूप कबतक निविदा निष्पादित कर कार्य प्रारम्भ कराने का विचार रखती है ?

प्राथमिक विद्यालय खोलना

*2654. श्री राम विलास पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के पीरपैंती प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम-नामनगर, संथाल बाहुल्य एवं श्यामपुर अल्पसंख्यक बाहुल्य है, जिसकी आबादी लगभग 10-10 हजार है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड के दोनों ही ग्राम की इतनी अधिक आबादी होने के बावजूद भी वहाँ के बच्चों के पठन-पाठन हेतु अभीतक एक भी प्राथमिक विद्यालय नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रखण्ड के दोनों ही ग्रामों में बच्चों के पठन पाठन हेतु प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रधानाध्यापक की पदस्थापना

*2655. डॉ0 रंजु गीता--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बाजपट्टी, नानपुर एवं बोखड़ा प्रखण्डान्तर्गत सभी स्वीकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालयों एवं पुराने विद्यालयों में बेंच डेस्क का घोर अभाव है इस कारण छात्र-छात्राओं को फर्श पर बैठना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग के माप-दण्ड के विपरीत डी0पी0ओ0 (स्थापना) के आदेश से मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक से उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक का कार्य लिया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित विद्यालयों में बेंच-डेस्क की समुचित व्यवस्था के साथ पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक की पदस्थापना का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2656. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला सीवान के प्रखण्ड बसंतपुर में आर0 के0 के0 इन्टर कॉलेज, खोरीपाकड़, ग्राम में अवस्थित है, जहाँ विज्ञान विषय की पढ़ाई की स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है, इसके बावजूद विज्ञान में नामांकन, निबंधन एवं फार्म भरने का काम चार साल से चल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इसकी जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अर्द्धनिर्मित भवन को पूर्ण कराना

*2657. श्री सिद्धार्थ--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विक्रम विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत नौबतपुर प्रखण्ड स्थित इब्राहिमपुर पंचायत, ग्राम-रघुनाथपुर के वार्ड नं0 1 में वित्तीय वर्ष 2007-08 में ही प्राथमिक विद्यालय का भवन निर्माण कार्य आरंभ किया गया था, परन्तु अभीतक विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अर्द्धनिर्मित भवन को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आरा मशीन मालिकों पर कार्रवाई

*2658. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के कुटुम्बा एवं नवीनगर प्रखण्ड अंतर्गत अनुज्ञप्तिधारी आरा मिलों की संख्या सिर्फ 8(आठ) है;

(2) क्या यह बात सही है कि नवीनगर प्रखण्ड के टन्डवा थाना अंतर्गत ग्राम-बेला, खपरमंडा में माली थाना अंतर्गत ग्राम-इंटवा, जनतुआ एवं साया-परसा तथा कुटुम्बा थाना के ग्राम-वर्मा एवं खुशीहलपुर (महाराजगंज) में बिना अनुज्ञप्ति आरा मशीन चलाये जा रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अवैध तरीके से चलाये जा रहे आरा मशीन मालिकों एवं विभागीय कर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का नाम परिवर्तन करना

*2659. श्री केदार प्रसाद गुप्ता क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत कुढ़नी प्रखण्ड में केरमा में स्टेडियम बनाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि केरमा स्टेडियम का नामकरण डॉ० भीमराव अम्बेडकर के नाम पर करने की आम जनता की पुरानी माँग रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार केरमा स्टेडियम का नामकरण डॉ० भीमराव अम्बेडकर के नाम पर करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय भवन का निर्माण

*2660. श्री लक्ष्मेश्वर राय--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लोकही प्रखण्ड के नेमुआ ग्राम में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में भवन नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को खुले स्थान पर पढ़ाई करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

---

मुआवजा देना

*2661. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के हिसुआ प्रखण्ड में नीलगायों द्वारा विगत् दो माह के अंदर चार असंगठित मजदूरों सर्वश्री बिनेशर मिस्त्री, बाढ़ो चौहान, जनक माँझी, बैद्यनाथ पंडित को मार दिया गया तथा एक मजदूर श्री इंद्रदेव सिंह घायल हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार हिसुआ प्रखंड को नीलगायों के आतंक से मुक्त कराने तथा मृत मजदूरों के आश्रितों एवं घायल मजदूर को मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

*2662. श्री नितिन नवीन--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि निदेशक माध्यमिक शिक्षा, बिहार के ज्ञापांक 3678, दिनांक 22 दिसम्बर, 2015 के द्वारा बिहार माध्यमिक शिक्षा कार्यालय, बुद्धमार्ग, पटना-1 के कर्मियों को ए०सी०पी० की स्वीकृति दिनांक 9 अगस्त, 1999 से प्रदान की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सूची के क्रमांक-1(एक) पर श्री कृष्ण कुमार सिंह, सेवानिवृत्त प्रशाखा पदाधिकारी का नाम अंकित है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्यालय के स्थापना प्रशाखा द्वारा श्री सिंह को आजतक ए०सी०पी० के आलोक में वेतन का निर्धारण नहीं किया गया है, जिससे सेवानिवृत्त कर्मी श्री सिंह उक्त लाभ से वंचित हैं;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक वेतन निर्धारण कराकर आर्थिक लाभ देते हुये विलम्ब के लिये दोषी के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*2663. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी प्रखण्ड अंतर्गत काऊ पंचायत के देवढ़ी ग्राम स्थित प्राथमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय में उत्क्रमण की सारी अर्हताएँ को पूर्ण करता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय से 2 कि०मी० की परिधि में एक भी मध्य विद्यालय नहीं है, जिसके कारण छात्रों को आगे की शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को मध्य विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्राथमिक विद्यालय खोलना

*2664. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के कोंच प्रखंड अंतर्गत भीखनपुर (उत्तरी) एवं धरमपुर ग्राम में आजादी के 68 वर्ष बाद भी प्राथमिक विद्यालय की स्थापना नहीं हो सकी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्णित ग्रामों में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुस्तकालयाध्यक्ष की नियुक्ति

*2665. श्री (मो०) नेमतुल्लाह क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली नगर पंचायत के मड़कुइया मोहल्ला में निर्मित सार्वजनिक पुस्तकालय में विगत् पाँच वर्षों से पुस्कालयाध्यक्ष नहीं रहने के कारण बंद है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वहाँ पर पुस्तकालयाध्यक्ष की नियुक्ति करने विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शिक्षण कार्य प्रारंभ करना

*2666. श्रीमती गुलजार देवी क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड स्थित नया प्राथमिक विद्यालय, तरडीहा दक्षिण टोल एवं नया प्राथमिक विद्यालय, नवटोलिया, मुजुलिया के पास न भूमि है और न भवन है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित विद्यालयों को भूमि और भवन उपलब्ध कराकर शिक्षण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*2667. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला सीवान के गोरिया कोठी प्रखण्ड के पंचायत सिसई के कलो टोला में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय के भवन निर्माण का कार्य वर्ष 2010 में शुरू किया गया इसमें एक लाख पचहत्तर हजार रुपया सरकार का खर्च भी हुआ लेकिन निर्माण कार्य वर्ष 2012 में रोक दिया गया यदि हाँ, तो सरकार निर्माणाधीन भवन का निर्माण कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

निबंधन मामले का निष्पादन

*2668. श्री मुन्द्रिका सिंह यादव--क्या मंत्री, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गैर-सरकारी संस्थानों का निबंधन हेतु विभाग में 300 मामले लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक लंबित निबंधन के मामले को निष्पादित करने का विचार रखती है ?

---------

नियुक्ति के संबंध में

*2669. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 15 सितम्बर, 2014 को विभिन्न समाचार-पत्रों में विभिन्न विषयों के सहायक प्रध्यापक के पद पर नियुक्ति से संबंधित विज्ञापन संख्या 53/2014 प्रकाशित कराया गया जिसके क्रमांक 10 में इतिहास के 261 रिक्ति दर्शाई गई है, परन्तु बी०पी०एस०सी० द्वारा योग्य उम्मीदवारों की अबतक अन्तर्वीक्षा नहीं लिये जाने के कारण उनमें असंतोष है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित इतिहास विषय के रिक्ति के विरुद्ध योग्य उम्मीदवारों को सहायक प्रध्यापक के पद अन्तर्वीक्षा लेकर उनकी नियुक्ति का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

नियोजन इकाई के सचिव पर कारंवाई

*2670. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के झंझारपुर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-प्रखंड शिक्षक नियोजन इकाई के सचिव द्वारा भवनाथ मध्य विद्यालय सर्व सीमा की शिक्षिका रेणु कुमारी को पदस्थापन से 7 वर्ष तक बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने के बावजूद पुनः 2016 में विद्यालय में योगदान बिना नियोजन इकाई की सहमति प्राप्त किये करा दिया गया, यदि हाँ, तो सरकार नियम के विपरीत इस कृत्य के लिये उक्त प्रखंड शिक्षक नियोजन इकाई के सचिव पर कबतक कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

नियुक्ति करना

*2671. डॉ० रंजु गीता--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि प्रीति प्रियदर्शिनी की नियुक्ति पंचायत शिक्षिका के पद पर 2007 में राजकीय प्राथमिक विद्यालय, सुरगहिया प्रखण्ड परिहार, जिला सीतामढ़ी में हुई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि एन०पी०ए० 386/13 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 4 सितम्बर, 2013 एवं दिनांक 26 फरवरी, 2014 को दिये गये आदेश के आलोक में प्रधान सचिव, शिक्षा विभाग को स्वयं या किसी प्रथम श्रेणी पदाधिकारी से जाँच किया जाना था;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रधान सचिव के आदेश के बिना जिला शिक्षा पदा० ने गलत जाँच रिपोर्ट दिनांक 10 नवम्बर, 2014 को समर्पित किया जबकि जिस मूल अभिलेख का जाँच करना था वह अभिलेख प्रखण्ड शिक्षा पदा० परिहार को दिनांक 5 दिसम्बर, 2014 को उक्त न्यायालय के अधिवक्ता जी०ए०-09 द्वारा ही लौटाया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो कबतक सरकार इसकी विभागीय जाँच कर प्रीति प्रियदर्शिनी को नियुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम को अतिक्रमण मुक्त करना

*2672. श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलानतर्गत नबीनगर प्रखण्ड में अनुग्रह नारायण स्टेडियम के परिसर में सुदर्शन राम, राम विलास राम, श्यामा चंद्रवंशी, कामता राम, बन्धु राम, दुर्गा राम द्वारा झोपड़ी बनाकर जमीन अतिक्रमित कर लिया गया है, जिससे खेल कार्य क्रम में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त स्टेडियम को कबतक अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

उर्दू उच्च विद्यालय की स्थापना

*2673. श्री राम विशुन सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत नगर पंचायत जगदीशपुर स्थित अल्पसंख्यकों की आबादी करीब 20 हजार है, परन्तु उच्च शिक्षा हेतु उर्दू उच्च विद्यालय की स्थापना नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित स्थल पर कबतक उर्दू उच्च विद्यालय की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का जीर्णोद्धार कराना

*2674. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के बिहारीगंज प्रखण्ड मुख्यालय में स्थित झावर लाल कन्या उच्च विद्यालय परिसर में 10+2 के लिये एक अतिरिक्त भवन का निर्माण वित्तीय वर्ष 2012-13 में नरसिंह कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया गया था, परन्तु भवन निर्माण में गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं कराये जाने के कारण उक्त भवन की स्थिति जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करते हुये उक्त भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निबंधन की कार्रवाई

*2675. श्री अनिल कुमार यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अंतर्गत भरगामा प्रखण्ड में 25 वर्षों से प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय का दो मंजिला भवन निर्मित है, उसमें विद्यालय वर्ष 2016 के मध्य तक चलता था, लेकिन 8 महीनों से उक्त विद्यालय को स्थानांतरित कर नजदीक के जवाहर उच्च विद्यालय में चलाया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चल रहे प्रोजेक्ट कन्या विद्यालय का जमीन का निबंधन सरकार के नाम से नहीं होने के कारण जवाहर उच्च विद्यालय में स्कूल का संचालन किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जमीन के निबंधन के लिये कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

प्राथमिक विद्यालय खोलना

*2676. श्री लक्ष्मेश्वर राय--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लौकही प्रखण्ड के बनगामा (दक्षिण) पंचायत के मेनहा एवं बलुआहा ग्राम में प्राथमिक विद्यालय नहीं रहने के कारण बच्चों की पढ़ाई नहीं हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों ग्राम के सबसे नजदीक जो प्राथमिक विद्यालय है, उसकी दूरी 6 कि०मी० है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त दोनों ग्राम में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है ?

-------

प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी पर कार्रवाई

*2677. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने वर्ष 2016 से प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों का किसी प्रकार के प्रतिनियोजन पर पूर्णतः रोक लगा रखा है, जो अबतक जारी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, सोनबरसा ने अपने कार्यालय आदेश ज्ञापांक 37, दिनांक 6 फरवरी, 2017 के द्वारा चार शिक्षकों का प्रतिनियोजन किया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, सोनबरसा ने जनता के दबाव में आकर अपने ज्ञापांक 37, दिनांक 6 फरवरी, 2017 के द्वारा निर्गत कार्यादेश को रद्द कर दिया है एवं पुनः नया कार्यादेश ज्ञापांक 42, दिनांक 11 फरवरी, 2017 निकालकर नये शिक्षकों का प्रतिनियोजन किया है, जो सरकार के आदेश का उल्लंघन है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रतिनियोजन को रद्द करते हुये प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

लंबित वेतन का भुगतान

*2678. डॉ० सी० एन० गुप्ता--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सभी मध्य विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षक कार्यरत हैं, किन्तु उनको विगत वर्ष 2012 से अबतक वेतन का भुगतान नहीं हो रहा है, जिसके कारण उसके समक्ष भुखमरी की समस्या बनी हुयी है, यदि हाँ, तो सरकार उनके लंबित वेतन का भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

कार्रवाई करना

*2679. श्री राम विशुन सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अंतर्गत जगदीशपुर प्रखण्ड के सी०डी०पी०ओ० द्वारा प्रत्येक माह प्रति आँगनबाड़ी केन्द्र से 3,000 रुपये देने का मौखिक निर्देश सेविकाओं को दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सी०डी०पी०ओ० द्वारा अवैध राशि मांगने के विरुद्ध 66 सेविकाओं एवं एक पर्यवेक्षक द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, जगदीशपुर, जिला प्रशासन, भोजपुर एवं विभागीय प्रधान सचिव को लिखित आवेदन दिनांक 21 दिसम्बर, 2016 को दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पदाधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति

*2680. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत कुढ़नी प्रखण्ड में कमतौल उच्च विद्यालय, फतेहपुर एवं कस्तुरी उच्च विद्यालय सहित दर्जनों अन्य उच्च विद्यालयों को (10+2) का दर्जा प्राप्त है, किन्तु शिक्षक के अभाव एवं भवन का उद्घाटन नहीं होने की वजह से पठन-पाठन प्रारंभ नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालयों के भवन का उद्घाटन एवं शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

राशि भुगतान करना

*2681. श्री सुधीर कुमार उर्फ बन्टी चौधरी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के सिकन्दरा विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत अलीगंज प्रखण्ड के छात्र-छात्राओं को पिछले वित्तीय वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 की माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्णता स्कॉलरशिप की राशि नहीं दी गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखण्ड के सभी विद्यालयों के दोनों वित्तीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप की राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

लोरिक महोत्सव का आयोजन

*2682. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वीर लोरिक की कर्मभूमि सुपौल जिलान्तर्गत ग्राम-हरदी है जहाँ प्रति वर्ष पूसी पूर्णिमाँ से सात दिनों का मेला जन-सहयोग से लगाया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से वीर लोरिक के जीवन वृत पर आधारित लोरिकायन की प्रस्तुति मैथली, भोजपुरी एवं अवधी में की जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिले में लोरिक महोत्सव का आयोजन कर सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्ता प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई

*2683. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, गोपालगंज ने परिवार सं0 415110124111600317/16, दिनांक 24 जनवरी, 2017 को अंतिम आदेश पारित कर श्री संजय कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सर्व शिक्षा, गोपालगंज को मध्य विद्यालय, खोरमपुर (बैकुण्ठपुर) गोपालगंज में भवन निर्माण के 16 लाख की राशि के गबन में शामिल दोषियों को बचाने तथा तथ्यों की सही जाँच पड़ताल नहीं करने के लिये दोषी मानते हुये उनके विरुद्ध कार्रवाई हेतु नियंत्री पदाधिकारी, निदेशक, प्राथमिक शिक्षा/प्रधान सचिव, शिक्षा विभाग/निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना को 1 सप्ताह के अन्दर कार्रवाई करने का आदेश पारित किया था ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो अबतक दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---

सुरक्षाकर्मी की तैनाती

*2684. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत वन आश्रयणी उदयपुर जंगल स्थित वॉच टावर सं0 01 एवं 02 का निर्माण वर्ष 2010 में कराया गया है, जिसका सीढ़ी एवं टावर का ऊपरी छत जर्जर हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि टावर की जर्जरता के कारण वॉच टावर से वन क्षेत्र की निगरानी नहीं की जा रही है, जिसके कारण जंगल में वन तस्करों की सक्रियता बढ़ गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वॉच टावर के निर्माणकर्ता के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये जर्जर वॉच टावर की मरम्मती कराकर वन के सुरक्षार्थ उस पर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

आदेश वापस लेना

*2685. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा दलित महादलित छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत वर्ष 2014-15 में राजधानी इंजीनियरिंग कॉलेज, भुवनेश्वर, उड़ीसा में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दी गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2015-16 में इन छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं हुई है ;

(3) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2014-15 में छात्रवृत्ति की राशि डिप्लोमा के लिए 38,000 रु0 से 48,000 रु0 तथा बीटेक के लिये एक लाख से एक लाख दो हजार तक तथा एम0 बी0 ए0 के लिये एक लाख दस हजार से एक लाख पन्द्रह हजार तक सरकार द्वारा निर्गत की गयी थी, जिसे घटाकर वर्ष 2015-16 में डिप्लोमा के लिये 10,000 रु0 बीटेक एवं एम0 बी0 ए0 के लिये 15,000 रु0 कर दिया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वर्ष 2015-16 एवं 2016-17 की छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान उक्त छात्रों को करवाने के साथ ही कम की गई राशि से संबंधित आदेश को भी वापस लेने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*2686. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर प्रखंड के उच्च विद्यालय, साया एवं उच्च विद्यालय, चरण में चहारदीवारी नहीं है, जिससे छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालयों की चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2687. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा अंतर्गत कुंवर सिंह कॉलेज, आरा में विश्वविद्यालय के अनुमोदन के बिना तदर्थ समिति का गठन हुआ है तथा तीन साल से समिति की एक भी बैठक नहीं हुई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक फर्जी तदर्थ समिति को भंगकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कार्य पूर्ण कराना

*2688. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत प्रखण्ड योगापट्टी के डुमरी पंचायत के डुमरी गाँव में कस्तुरबा विद्यालय की जमीन की चहारदीवारी का निर्माण पिछले दो साल से चल रहा है लेकिन संवेदक द्वारा अभीतक सिर्फ दो तरफ से ही दीवाल उठाया गया है, वह भी धंस गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय के चहारदीवारी निर्माण में विलम्ब के लिये दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करते हुये कबतक निर्माण पूर्ण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

छात्रों को प्रोत्साहन छात्रवृत्ति देना

*2689. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति/जन-जाति प्रोत्साहन योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति/जन-जाति एवं अल्पसंख्यक समुदाय की दशम् वर्ग में द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र एवं छात्राओं को 8 हजार रुपया की दर से प्रति छात्र/छात्रा को प्रोत्साहन छात्रवृत्ति उपलब्ध कराना है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो राज्य में वर्ष 2015 एवं 2016 में दशम् वर्ग उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को उक्त योजना का लाभ अभीतक नहीं दिये जाने का क्या औचित्य है ?

---

दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई

*2690. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत पूर्णियाँ पूर्व प्रखण्ड के (*i*) बियारपुर पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पीपरा (*ii*) महराजपुर पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, महराजपुर तथा (*iii*) रामपुर पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बेलवा में पिछले दो वर्षों से सर्व शिक्षा अभियान के तहत भवन निर्माण कार्य किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवनों के निर्माण कार्य में लोकल बालू, निम्नस्तर का ईंट, पुराना छड़ तथा सीमेंट की बहुत ही कम मात्रा देकर प्राक्कलन में भारी अनियमितता बरती जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालयों की घेराबंदी करना

*2691. श्री अभय कुमार सिन्हा उर्फ अभय कुशवाहा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत कोंच प्रखंड के उच्च विद्यालय अहियापुर एवं प्राथमिक विद्यालय बेदौली गया गोह मुख्य मार्ग के किनारे अवस्थित है जिसकी घेराबंदी आजतक नहीं हुई है जिसके कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त विद्यालयों की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखते है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रभारी प्राचार्य पर कार्रवाई

*2692. श्री राजीव नन्दन--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत टिकारी प्रखंड में इंटर महिला महाविद्यालय टिकारी के प्रभारी प्राचार्य के बारे में अनुमंडल पदाधिकारी, टिकारी के पत्रांक 717/सा0, दिनांक 1 अगस्त, 2009 द्वारा निदेशक, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (उच्च माध्यमिक) को सूचित किया गया कि उक्त प्रभारी प्राचार्य मनमाने ढंग से प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्य करते हुये डिग्री महाविद्यालय एवं इंटर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य के दो पदों पर नियम के विरुद्ध कार्यरत है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार दोषी प्रभारी प्राचार्य पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अवैध कार्यों की जाँच करना

*2693. श्री जय वर्द्धन यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज अनुमंडल के दुल्हिन बाजार प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-थाना में श्री निम्ब्राक कृष्ण माधवानन्द संस्कृत महाविद्यालय एवं श्री निम्ब्राक कृष्ण माधवानन्द संस्कृत उच्च विद्यालय सन् 1901 से स्थापित है जो क्रमशः दरभंगा संस्कृत महाविद्यालय एवं संस्कृत शिक्षा बोर्ड के नियंत्रणाधीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य ने पत्रांक 20/2017, दिनांक 9 जनवरी, 2017 के माध्यम से प्रधानाचार्य के द्वारा अवैध बहाली एवं वित्तीय अनियमितता की ओर विभागीय मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय एवं उच्च विद्यालय में प्रधानाध्यापक द्वारा जारी वित्तीय अनियमितता एवं अवैध कार्यों की जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

रिक्त के विरुद्ध नियुक्ति करना

*2694. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के पटना, नालन्दा, नवादा, भागलपुर सहित सभी जिला में व्यावसायिक शिक्षकों का वर्ष 2016 तक कुल 9,089 पद रिक्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत 10 वर्षों से व्यावसायिक शिक्षक की नियुक्ति से संबंधित विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 में सरकारी घोषणा के पश्चात् 500 शिक्षकों को मानदेय पर व्यावसायिक शिक्षक में योगदान लिया गया था ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार व्यावसायिक शिक्षकों को रिक्त के विरुद्ध नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय भवन निर्माण

*2695. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नारायणपुर प्रखंड के अन्तर्गत नारायणपुर उच्च विद्यालय को वर्ष 1988 में राजकीयकृत उच्च विद्यालय का दर्जा सरकार द्वारा दिया गया है परन्तु अबतक नया भवन का निर्माण नहीं किया गया है जबकि उक्त विद्यालय का भवन काफी जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय का नया भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

--------

राशि का भुगतान

*2696. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाबा साहब भीमराव अम्बेदकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर से 2010 के बाद अवकाश प्राप्त शिक्षकों तथा शिक्षकोत्तर कर्मचारियों को अर्जित अवकाश राशि तथा अन्य दी जाने वाली राशि का भुगतान नहीं किया गया है जिससे उन शिक्षक तथा कर्मचारी को जीवनयापन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उन अवकाश प्राप्त शिक्षक तथा कर्मचारियों को अवकाश के बाद मिलने वाली राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षकों के वेतनमान का भुगतान

*2697. डॉ0 शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में 2459H कोटि मदरसों को विगत 5 वर्षों में 814 मदरसों का प्रस्वीकृति एवं वेतन का भुगतान किया गया है जबकि 249 मदरसों की प्रस्वीकृति के साथ शिक्षकों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार 249 मदरसों की प्रस्वीकृति के साथ ही शिक्षकों के वेतनमान का भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षकों का स्थानान्तरण

*2698. श्री जय वर्द्धन यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत नदहरी, कोदहरी के ग्राम-बउआ स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सर्व-शिक्षा अभियान की राशि गबन कराने एवं शिक्षकों के अनुपस्थित रहने के कारण प्रधान शिक्षिका एवं दो प्रखंड शिक्षकों का स्थानान्तरण दो वर्ष पूर्व हुआ था परन्तु कुछ दिनों बाद पुन: उसी विद्यालय में उनकी प्रतिनियुक्ति हो गई ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त विद्यालय के प्रधान शिक्षिका एवं दो प्रखंड शिक्षकों के विरुद्ध फर्जी हस्ताक्षर कर सरकारी राशि का दुरूपयोग करने के मामले में अनुमंडल पालीगंज के सिगोड़ी थाना में प्राथमिकी सं0 87/2015 एवं 88/2015 दर्ज है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार तीनों शिक्षकों को उत्क्रमित मध्य विद्यालय बउआ से अन्यत्र हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

*2699. श्री रामदेव राय क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखण्ड स्थित उच्च विद्यालय तियाय एवं सूर्यपुरा दुर्गा मंदिर के प्रांगण में एक बहुत बड़ा खेल का मैदान है, जहाँ प्रत्येक वर्ष राज्यस्तरीय एवं दो दो बार जिलास्तरीय विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त खेल के मैदान में स्टेडियम नहीं होने से खिलाड़ियों एवं दर्शकों को कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक वहाँ स्टेडियम बनाने का विचार रखती है ?

---------

स्टेडियम निर्माण

*2700. श्रीमती अरूणा देवी क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के वारिसलीगंज बाजार स्थित बी०के० साहु उच्च विद्यालय के मैदान में स्टेडियम का निर्माण अधूरा रहने के कारण खेल-कूद आदि बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्टेडियम निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

खर्च का ब्यौरा नहीं देने का औचित्य

*2701. श्री अरूण कुमार सिन्हा क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पटना विश्वविद्यालय को वर्ष 2011-12 से 2016-17 तक प्लान योजनान्तर्गत 12 करोड़ की अनुदान राशि की स्वीकृति प्रदान की गई थी, परन्तु खर्च का ब्यौरा अबतक नहीं देने के कारण पटना विश्वविद्यालय को जीरो ग्रांट श्रेणी में रखा गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि 2016-17 में अनुदान की राशि रूक जाने से पटना विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय कॉलेजों को प्राप्त सुविधाओं के समान सुविधाओं से वंचित होना पड़ा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो पटना विश्वविद्यालय द्वारा खर्च का ब्यौरा अबतक नहीं देने का क्या औचित्य है ?

---------

उत्क्रमित करना

*2702. श्री राजेन्द्र कुमार क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तुर्कौलिया प्रखण्ड के मथुरापुर पंचायत में एक भी उच्च विद्यालय नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मथुरापुर मध्य विद्यालय उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने की सारी अर्हता पूरी करता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मथुरापुर मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*2703. डॉ० मेवालाल चौधरी क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अंतर्गत हवेली खड़गपुर प्रखंड में आर०एस०के० उच्च विद्यालय, हवेली खड़गपुर संचालित है, जिसका भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय भवन का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय भवन का जीर्णोद्धार

*2704. श्री विजय कुमार खेमका- क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत पूर्णियाँ पूर्व प्रखण्ड के डिमिया छतरजान पंचायत में उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, सिंधिया दिवानगंज का भवन जर्जर है, जिससे बरसात में पानी टपकता है तथा विद्यालय में नामांकित छात्र-छात्राओं की सं० 1,500 है, किन्तु उस अनुपात में कमरों की संख्या नहीं रहने के कारण छात्र छात्राओं का पठन पाठन बाधित हो रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक वर्णित विद्यालय के भवन का जीर्णोद्धार एवं अतिरिक्त कमरों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

डिग्री कॉलेज खोलना

*2705. श्रीमती पूर्णिमा यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत कौआकोल जो समाजवादियों के परोधा स्व० जय प्रकाश नारायण जी की कर्मभूमि रही है, वहाँ एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कबीर अंत्येष्ठि अनुदान की राशि भेजना

*2706. श्री नीरज कुमार सिंह-- क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के बसंतपुर प्रखंड में विगत चार (4) महीनों से कबीर अन्त्येष्ठि अनुदान योजना के अंतर्गत दिये जानेवाली राशि प्रखंड के किसी भी पंचायत में नहीं भेजी गयी है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

भवन का जीर्णोद्धार

*2707. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड में अवस्थित कसबा डिग्री कॉलेज का भवन विगत् 10 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कॉलेज के भवन का कबतक जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

आवासीय विद्यालय की स्थापना

*2708. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के चकाई प्रखण्ड के अंतर्गत चन्द्रमंडी शैक्षणिक अंचल है, परन्तु वहाँ पर कस्तुरबा आवासीय विद्यालय नहीं है जिससे छात्र-छात्राओं को शिक्षाध्ययन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार चन्द्रमंडी में कस्तुरबा आवासीय विद्यालय की स्थापना कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

प्रचार-प्रसार करना

*2709. श्री अरुण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मैरेज एक्ट, 2006 के तहत नवविवाहित दंपत्ति को अपने विवाह का निबंधन कराना अनिवार्य है, जबकि पिछले दस वर्षों में मात्र 755 अरेंज शादियों का ही निबंधन हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार मैरेज एक्ट, 2006 को कबतक जनहित में प्रचारित-प्रसारित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

छात्रावास का निर्माण

*2710. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज नगर परिषद् में पड़ने वाली (+2) की अकादमी फारबिसगंज विद्यालय को केन्द्र प्रयोजित योजनान्तर्गत पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिये छात्रावास निर्माण कार्य हेतु भूमि का सत्यापन अंचलाधिकारी द्वारा करने के उपरान्त पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को उक्त भूमि का हस्तानांतरण 6 माह पूर्व ही कर दिया गया था, किन्तु अबतक उक्त छात्रावास का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त छात्रावास का निर्माण कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा राशि देना

*2711. श्री राजीव नन्दन--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ थाना के काण्ड सं० 222/15 में स्व० मनोज पासवान की हत्या का केस दर्ज है;

(2) क्या यह बात सही है कि स्व० मनोज पासवान के परिवार को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन-जाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मिलने वाली मुआवजा की राशि अभीतक नहीं मिली है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्व० मनोज पासवान के परिवार को मुआवजे की राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

----------

प्रतिनियुक्त होने का औचित्य

*2712. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के पत्रांक 1243, दि० 8 अक्टूबर, 2014 द्वारा सरकार का संकल्प है कि किसी भी व्यक्ति को कार्यक्षेत्र में तीन वर्षों से ज्यादा समय तक प्रतिनियुक्त नहीं किया जा सकता है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पर्यावरण निदेशक, पटना के कार्यालय में श्री पंकज चौधरी, प्रधान लिपिक के पद पर वर्ष 1996 से प्रतिनियुक्त हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त संकल्प के आलोक में श्री पंकज चौधरी, प्रधान लिपिक के पर्यावरण निदेशक, पटना के कार्यालय में वर्ष 1996 से अभी तक प्रतिनियुक्त होने का क्या औचित्य है ?

----------

छात्रावास का निर्माण

*2713. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखण्ड स्थित उच्च विद्यालय कोरहिया में छात्रावास नहीं रहने से छात्रों को पठन-पाठन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में छात्रावास का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करना

*2714. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुरसंड विधान-सभा क्षेत्र के पुपरी प्रखंड अंतर्गत बौरा वाजितपुर पंचायत के ग्राम-बौरा स्थित मध्य विद्यालय एवं भिट्ठा धर्मपुर पंचायत के ग्राम, डुम्हार पट्टी स्थित मध्य विद्याल, उच्च विद्यालय में उत्क्रमण की सारी अर्हता रखता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों से 8-10 कि०मी० की परिधि में कोई भी उच्च विद्यालय नहीं है जिसके कारण उक्त विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को आगे की शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

कम्प्यूटर की शिक्षा देना

*2715. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी उच्च/उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कम्प्यूटर की शिक्षा देने का निर्णय सरकार द्वारा वर्ष 2015 में लिया गया है, परन्तु दानापुर स्थित बलदेवा उच्च विद्यालय, धनेश्वरी उच्च विद्यालय,दानापुर एवं.अन्य में कम्प्यूटर स्थापित हैं, परन्तु शिक्षक के अभाव में कम्प्यूटर शिक्षा नहीं दी जा रही है, जिसके कारण कम्प्यूटर खराब हो रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालयों में शिक्षकों की बहाली करने के साथ कम्प्यूटर शिक्षा देने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उच्च विद्यालय का निर्माण

*2716. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, अनु०जाति एवं अनु०जन जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के चकाई प्रखण्ड में अनुसूचित जाति की आबादी 10 प्रतिशत है, परन्तु एक भी अनुसूचित जाति का उच्च विद्यालय नहीं रहने से उक्त जाति के बच्चे एवं बच्चियाँ शिक्षा से वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार चकाई प्रखण्ड मुख्यालय में आवासीय उच्च विद्यालय का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

वर्ग कक्ष का निर्माण

*2717. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखण्ड में ग्राम पंचायत, मोहनी के ग्राम-दुर्गापुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय में 351 छात्र-छात्रा नामांकित हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय की स्थापनाकाल में निर्मित 2 कमरा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाने से शेष 4 कमरों में ही पठन-पाठन होता है, जिससे छात्र-छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्र-छात्राओं की संख्या के अनुपात में उक्त विद्यालय में अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलापूर्ति की व्यवस्था

*2718. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अस्थावां पोलिटेकनिक कॉलेज का प्रशासनिक भवन का निर्माण वर्ष 2013-14 में हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रशासनिक भवन में विद्युत् का वायरिंग एवं जलापूर्ति पाइप लाइन नहीं दिया है जिसके कारण आवश्यक कार्य में बाधा हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक विद्युत् वायरिंग एवं जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करना

*2719. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के गड़बनैली उच्च विद्यालय में हिन्दी, अंग्रेजी, फारसी, भूगोल, सामाजिक विज्ञान सहित अन्य शिक्षकों का पद 5 वर्षों से रिक्त है, जिस कारण छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार गड़बनैली उच्च विद्यालय में उक्त विषयों के शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

चहारदीवारी का निर्माण

*2720. डॉ० फराज फातमी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी प्रखण्ड अन्तर्गत राम जुलुम उच्च विद्यालय, बनवारी एवं सिंहवाड़ा प्रखण्ड के (+2) वासुदेव मिश्र उच्च विद्यालय, सिमरी में छात्रों की संख्या क्रमशः 1,243 एवं 1,700 तथा परिसर का क्षेत्रफल 3,19,650 वर्ग फीट एवं 6.50 बीघा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों विद्यालयों की चहारदीवारी का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे बाहरी लोगों व पशुओं आदि के आगमन से छात्रों को पढ़ाई में बाधा उत्पन्न होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्टेडियम का निर्माण

*2721. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला अन्तर्गत प्रखण्ड हथुआ के गोपेश्वर महाविद्यालय तथा प्रखण्ड फुलवरिया के बाबा भूतनाथ इंटर महाविद्यालय बालेपुर, बथुआ के खेल के मैदान में स्टेडियम बनाने हेतु पर्याप्त भूमि उपलब्ध है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त दोनों महाविद्यालयों के खेल के मैदान में स्टेडियम नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को खेल के आयोजन में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों महाविद्यालयों के खेल के मैदान में स्टेडियम बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

इन्डोर स्टेडियम बनाना

*2722. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मुख्यालय मोतिहारी में छः करोड़ की लागत से इनडोर स्टेडियम बनाने का निर्णय सरकार द्वारा वर्ष 2016-17 में लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि स्टेडियम निर्माण हेतु मोतिहारी शहर के वार्ड नं० 3 में जार्ज ओरवेल के जन्म स्थल के निकट बहुत बड़ा खाली सरकारी भू-खण्ड स्थित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (2) में वर्णित सरकारी भू-खण्ड पर इंडोर स्टेडियम बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

फैक्टरी को बंद करना

*2723. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत गीधा औद्योगिक क्षेत्र में विष्णु विशाल पेपर मिल, निवी एलवेस्टर कम्पनी, एच0पी0 इंडियन ऑयल एवं भारत गैस प्लान्ट के कचड़ा से गीधा मोखलिस, वीरमपुर, कायमनगर सहित अन्य गाँवों में गंभीर बीमारियाँ फैल रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त फैक्टरी को कबतक बंद कराने एवं कचड़ा का स्थायी समाधान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्यालय का सरकारीकरण करना

*2724. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के पिपरा प्रखण्डान्तर्गत महेशपुर पंचायत में सखन यादव उच्च विद्यालय को विभाग द्वारा वर्ष 1991 ई0 में स्थापना की अनुमति दिये जाने के पश्चात् आजतक सरकारीकरण नहीं किया गया है, जबकि उक्त पंचायत में दूसरा कोई सरकारी विद्यालय नहीं है और न ही उक्त विद्यालय के 7 कि0मी0 से अधिक की परिधि में दूसरा कोई माध्यमिक विद्यालय है, साथ ही यह विद्यालय सरकारीकरण हेतु वांछित सारी शर्त्तों को पुरा भी करता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय का सरकारीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

वर्ग कक्ष का निर्माण

*2725. श्री अरूण कुमार (क्षेत्र सं0 192)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत उदवंतनगर प्रखण्ड के असनी कन्या (+2) विद्यालय तथा संदेश प्रखण्ड के अखगाँव (+2) विद्यालयों में (+2) का वर्ग कक्ष नहीं रहने के कारण पढ़ाई नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों विद्यालयों में (+2) के लिये अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

-----------

विद्यालय स्थापित करना

*2726. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखण्ड में नेत्रहीन एवं मूक बधिर छात्रों के शिक्षा हेतु एक भी विद्यालय नहीं है, जिससे ऐसे छात्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार नेत्रहीन एवं मूक बधिर छात्रों के लिये रानीगंज में एक विद्यालय स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पेंशन का भुगतान

*2727. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत राज्य के पेंशनधारियों के प्रतिमाह पेंशन का भुगतान नहीं किया जाता है, बल्कि 8-10 महीनों का पेंशन एक मुश्त दिया जाता है, जिससे उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में काफी दिक्कतें हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पेंशनधारियों को नियमित रूप से प्रतिमाह पेंशन का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्यालय भवन का जीर्णोद्धार

*2728. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मुशहरी प्रखण्ड के द्वारिका नगर उच्च विद्यालय का भवन जर्जर है तथा आधारभूत संरचना का घोर अभाव है जिसके कारण पठन-पाठन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक द्वारिका नगर उच्च विद्यालय के भवन का जीर्णोद्धार करते हुये आधारभूत संरचनाएँ उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

----------

प्रोन्नत शिक्षकों का पदस्थापन

*2729. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत विभागीय पत्रांक 4800, दिनांक 1 अप्रील, 2016 द्वारा शिक्षकों को स्नातक प्रशिक्षित वेतनमान पद पर प्रोन्नति देने संबंधित निर्गत आदेश के आलोक में कुल 433 शिक्षकों में से 412 शिक्षकों को पदस्थापन किया गया है, किन्तु शेष 19 प्रोन्नत शिक्षकों का पदस्थापन रोक दिया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार शेष 19 प्रोन्नत शिक्षकों का पदस्थापन कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

रिक्त पद पर पदस्थापन

*2730. श्री मुन्द्रिका सिंह यादव--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला में सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा का पद 2 वर्षों से रिक्त है, इस कारण आम जनता को दिन-प्रतिदिन के कार्यों में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक प्रश्नाधीन रिक्त पद पर पदस्थापन कराने का विचार रखती है ?

विद्यालय भवन का निर्माण

*2731. श्री जर्नादन मांझी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत अमरपुर प्रखंड के विशनुपर पंचायत में स्थित प्राथमिक विद्यालय, अन्तीचक में जमीन के अभाव में वहाँ के छात्र-छात्राएँ जमीन पर बैठकर पठन-पाठन करते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपरोक्त वर्णित विद्यालय को अपना जमीन आवंटित करते हुये भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम निर्माण

*2732. श्री (मो0) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत टेढ़ागाछ प्रखंड के 10+2 बि0वी0 गंज उच्च विद्यालय, कालपीठ में स्टेडियम बनाने हेतु जमीन सहित सभी अर्हताएँ मौजूद हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में स्टेडियम कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कुश्ती प्रशिक्षण केन्द्र चलाना

*2733. श्री अशोक कुमार सिंह (203)--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर के दुर्गावती प्रखंड अन्तर्गत ऐक्लव्य राज्य आवासीय कुश्ती प्रशिक्षण केन्द्र, सत्रुहरण उच्च विद्यालय, कल्याणपुर के नाम से संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रशिक्षण केन्द्र उच्च विद्यालय में नहीं चलकर वहाँ से 3 कि0मी0 की दूरी पर विछिया गाँव में चलता है जबकि विद्यालय में पर्याप्त जमीन उपलब्ध है ;

(3) क्या यह बात सही है कि कल्याणपुर उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य को उक्त विद्यालय के साथ-साथ कुश्ती प्रशिक्षण केन्द्र की देख-रेख की जिम्मेदारी दी गई है जिस कारण उन्हें बार-बार विद्यालय को छोड़कर कुश्ती प्रशिक्षण केन्द्र जाना पड़ता है जिससे विद्यालय का कार्य प्रभावित होता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कुश्ती प्रशिक्षण केन्द्र को सत्रुहरण उच्च विद्यालय में चलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई

*2734. श्री (मो0) जावेद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत पोठिया प्रखंड अन्तर्गत बिहार आधारभूत संरचना विकास निगम के माध्यम से उ0 उच्च विद्यालय, गिलहाबारी तथा कन्या उ0 उच्च विद्यालय, कुसीयारी में भवन निर्माण किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवनों के निर्माण कार्य में लोकल बालू, निम्न स्तर के ईट, दुर्गापुर लोहा एवं सीमेंट की बहुत ही कम मात्रा देकर प्राक्कलन में भारी अनियमितता बरती जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

परीक्षाफल प्रकाशित करना

*2735. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर के पत्रांक 1113, दिनांक 24 नवम्बर, 2016 द्वारा अध्यक्ष, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (उ0मा0वि0), पटना से राजकीयकृत उच्च माध्यमिक (+2) विद्यालय, उनसर, बोचहां के कला संकाय के संगीत विषयों के लंबित परीक्षाफल 2016 को प्रकाशित करने हेतु अनुरोध किया गया परन्तु अभीतक परीक्षाफल प्रकाशित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक परीक्षाफल प्रकाशित करने का विचार रखती है ?

--------

भवन निर्माण कराना

*2736. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखंड अन्तर्गत रोहिणिया पंचायत के ग्राम-रोहिणिया, वार्ड नं0 3 में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय का भवन नहीं रहने के कारण छात्र/छात्रा खुले आसमान के नीचे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में कबतक राशि उपलब्ध कराकर भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रशिक्षण केन्द्र खोलना

*2737. श्री अमित कुमार--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दशरथ मांझी कौशल विकास योजना अन्तर्गत प्रदेश के युवाओं को व्यवसायिक प्रशिक्षण/कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना का एक भी केन्द्र सही से कार्यरत नहीं है जिससे उक्त योजना का लाभ सीतामढ़ी जिला के रीगा, सुप्पी एवं बैरगनिया प्रखंड के युवाओं को नहीं मिला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त योजना के अन्तर्गत रीगा, सुप्पी एवं बैरगनिया प्रखंड में प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण कराना

*2738. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखंड अन्तर्गत चैलाहा पंचायत के ग्राम-चैलाहा, कुड़िया में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय एवं रोहिणीया पंचायत के ग्राम-रोहिणीया वार्ड नं0 1 में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय का भवन नहीं रहने के कारण छात्र/छात्रा खुले आसमान के नीचे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालयों में राशि कबतक उपलब्ध कराकर भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*2739. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत घोघरडीहा प्रखण्ड स्थित ग्राम पंचायत, राज पिरोजगढ़ के अधीन नया प्राथमिक विद्यालय, तिलाठ, बेलही पाँच वर्ष पूर्व स्वीकृत हुआ है, जो सिर्फ अनुसूचित जाति के छात्रों के लिये है, परन्तु भूमि उपलब्ध रहने के बावजूद भी इस विद्यालय का भवन निर्माण नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

वित्तीय उन्नयन का लाभ

*2740. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजकीयकृत माध्यमिक विद्यालय शिक्षक प्रोन्नति नियमावली, 2011 के द्वारा सभी शिक्षकों को 12 (बारह) एवं 24 (चौबीस) वर्षों की सेवा पूरी होने पर वित्तीय उन्नयन का लाभ दिये जाने का प्रावधान किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रावधानों की अर्हता वाले सीतामढ़ी जिला के श्री गाँधी उच्च विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक श्री रामबीर राय सहित राज्य के हजारों शिक्षकों को कंडिका-1 के प्रावधानों के तहत वित्तीय उन्नयन का लाभ नहीं मिल सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री रामबीर राय, सेवानिवृत्त शिक्षक, परिहार सहित वंचित सभी शिक्षकों को कंडिका-1 के प्रावधानों के तहत वित्तीय उन्नयन का लाभ देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदाधिकारियों एवं संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई

*2741. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 2 अक्टूबर, 2016 को गोपालगंज जिला के बैकुण्ठपुर प्रखण्ड के खोरमपुर मध्य विद्यालय में मध्याह्न भोजन योजना का चावल बेचते हुये दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस मामले में मिड डे मिल के जिला से प्रखण्ड स्तर तक के पदाधिकारियों की मिलीभगत से उक्त कालाबाजारी की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मामले की जाँच कराकर जिम्मेवार पदाधिकारियों सहित संवेदक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करना

*2742. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत एकंगरसराय प्रखण्ड के पार्थू, मखदुमपुर में राजकीय बुनियादी विद्यालय है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के द्वारा बिहार के सभी बुनियादी विद्यालयों को 10+2 उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का निर्णय लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राजकीय बुनियादी विद्यालय, पार्थू मखदुमपुर को 10+2 उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करना

*2743. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा हरेक पंचायत के मध्य विद्यालयों में से एक मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय बनाये जाने की नीति निर्धारित की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत रजौली प्रखण्ड के ग्राम-दोपटा में मध्य विद्यालय, दोपटा उत्क्रमण हेतु सभी अर्हताओं को पूरा करता है, परन्तु अभीतक इस विद्यालय का उत्क्रमण नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक मध्य विद्यालय, दोपटा को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अवैध कारोबार को रोकना

*2744. <u>डॉ0 मेवालाल चौधरी</u>--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत बदुआ जलाशय स्थित है जो बाँका एवं मुंगेर के किसानों का एक मात्र सिंचाई का साधन है जहाँ अवैध बालू उठाव होने के कारण सिंचाई हेतु निर्मित नालों में पानी नहीं जा पा रहा है, जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार बालू उठाव के अवैध कारोबार को कबतक रोकने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

<u>प्रभारी मंत्री</u>--उत्तर अस्वीकारात्मक है। समाहर्ता, बाँका के पत्रांक 283/ एम0 दिनांक 25 फरवरी, 2017 के द्वारा सूचित किया गया है बाँका जिला के बेलहर थाना में बिजीखोरवा के पास बदुआ नदी पर बदुआ जलाशय स्थित है। बदुआ नदी में उक्त जलाशय से करीब 3.5 किलो मीटर डाउन स्ट्रीम में SEIAA से पर्यावरणीय स्वीकृति प्रमाण-पत्र प्राप्ति उपरान्त बालू घाटों के बावत कार्यादेश बंदोबस्तधारी मे0 महादेव इन्कलेव प्रा0 लि0 को दिया गया है। जलाशय के अप तथा डाउन स्ट्रीम के प्रतिबंधित क्षेत्र में कोई खनन कार्य नहीं होता है। प्रतिबंधित क्षेत्र में यदा-कदा अवैध बालू खनन की शिकायतें मिली हैं जिसके विरुद्ध कार्रवाई करते हुये संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध बेलहर थाना में काण्ड सं0 60/16, दिनांक 24 फरवरी, 2016, 283/16, दिनांक 22 अगस्त, 2016, 302/16, दिनांक 10 सितम्बर, 2016, 315/16, दिनांक 30 सितम्बर, 2016 तथा 321/16, दिनांक 6 अक्टूबर, 2016 दर्ज करायी गयी है जबकि शंभुगंज थाना में काण्ड सं0 154/16, दिनांक 28 अक्टूबर, 2016 तथा 156/16, दिनांक 31 अक्टूबर, 2016 दर्ज करायी गयी है।

बंदोबस्तधारी को स्वीकृत बालू घाट से बालू उठाव के कारण किसानों की सिंचाई व्यवस्था पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है ।

इसी प्रकार समाहर्ता, मुंगेर के पत्रांक 65/एम0, दिनांक 20 फरवरी, 2017 के द्वारा सूचित किया गया है कि मुंगेर जिलान्तर्गत संपूर्ण जिला एक इकाई बालू घाट से बंदोबस्तधारी को पर्यावरणीय अनापत्ति प्राप्त नहीं रहने के कारण नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) कोलकता के निदेशानुसार विगत फरवरी, 2016 से बालू उठाव प्रतिबंधित एवं बालू घाट का संचालन बंद है जिसकी निगरानी जिला प्रशासन द्वारा पूरी सतर्कता से की जा रही है। जब कभी अवैध बालू उठाव का प्रयास अवैधकर्ता द्वारा की जाती है तो प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में बदुआ नदी के निकटतम थाना संग्रामपुर द्वारा दिनांक 4 जनवरी, 2017 एवं 7 जनवरी, 2017 को अवैध बालू उठाव के प्रयास को विफल करते हुये 2 (दो) व्यक्तियों की गिरफ्तारी एवं सात 7 वाहनों को जप्त कर प्राथमिकी (थाना कांड संख्या 02/17 एवं 04/17) दर्ज की गयी है ।

उपरोक्त कार्रवाई के फलस्वरूप मुंगेर जिला स्थित बदुआ नदी के प्रतिबंधित क्षेत्र से बालू घाट संचालन बंद रहने के कारण बालू उठाव नहीं हो रहा है, जिसपर प्रशासन द्वारा पूरी तरह से निगरानी की जा रही है।

---

विद्यालय भवन निर्माण

*2745. <u>श्री राम बालक सिंह</u>--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखण्ड अंतर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, कुर्मी टोल, शिवनाथपुर एवं नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, मुस्तफापुर, वार्ड 4 में जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद भवन एवं शौचालय नहीं बनने के कारण छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन में असुविधा होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त विद्यालयों में भवन एवं शौचालय निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बस का परिचालन

*2746. <u>श्री सुबोध राय</u>--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर से कजरैली-अमरपुर होकर बाँका एवं तारापुर के लिये कोई राजकीय बस का परिचालन नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार इस मार्ग पर राजकीय बस के परिचालन का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अधूरे भवन का निर्माण

*2747. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला मधेपुरा अंतर्गत प्रखण्ड आलमनगर के अधीन उत्क्रमित मध्य विद्यालय, महमूदा के भवन निर्माण के कार्य हेतु चार वर्ष पूर्व 26 लाख रुपये की निकासी हुयी, परन्तु अभीतक भवन का निर्माण कार्य सम्पन्न नहीं हो पाया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जाँच कराकर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये अधूरे भवन का निर्माण का कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई

*2748. श्री नीरज कुमार(68)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के सोलह प्रखण्डों के वित्तीय वर्ष 2016-17 में प्रारंभिक विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत खाद्यान्न के ढुलाई हेतु संवेदक चयन के लिये विभिन्न समाचार-पत्रों के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निविदा के द्वारा मात्र पाँच प्रखण्डों में संवेदक का चयन किया गया एवं शेष नौ प्रखण्डों में पुनः पुराने संवेदक से कार्य लिया जा रहा है, जबकि प्रावधानानुसार एक संवेदक से अधिकतम तीन वर्षों तक ही कार्य लिया जाना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त शेष नौ प्रखण्डों में संवेदक चयन करने के साथ ही प्रावधान के विरुद्ध उन नौ प्रखण्डों के पूर्व संवेदक से कार्य लेने वाले दोषी पदाधिकारी/कर्मी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

गिरते नामांकन को रोकना

*2749. श्री संजय सरावगी--स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 30 जनवरी, 2017 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''मान्यता 308 को नामांकन 86 में'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में शिक्षा का अधिकार कानून 2010 ई० से लागू है जिसके बाद शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु राज्य सरकार द्वारा सी०बी०एस०ई० एवं आई०सी०एस०ई० 308 विद्यालयों को मान्यता प्रदान की गयी ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में शिक्षा के अधिकार कानून के तहत सी०बी०एस०ई० एवं आई०सी०एस०ई० के वर्ष 2012-13 में 48 विद्यालयों द्वारा 954, 2013-14 में 56 स्कूलों द्वारा 765, 2015-16 में 112 स्कूलों द्वारा 1,482 तथा 2016-17 में 86 स्कूलों द्वारा मात्र 846 बच्चों का नामांकन ही किया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार द्वारा शिक्षा के अधिकार के तहत गिरते नामांकन को रोकने हेतु कौन-से कदम उठाने का विचार रखती है ?

छात्रवृत्ति का लाभ देना

*2750. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत छात्र आशीष रंजन कुमार, पिता परमानन्द प्रसाद, ग्राम-परसादी, पो०-परसौना, अंचल-परसा, जिला-सारण का आवेदन सं० पी०एम०ओ० 7151600016050 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि श्री कुमार कर्नाटक राज्य के बैंगलोर शहर में नागार्जुना कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में कम्प्यूटर सांइस का छात्र है, जिसे उक्त छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत पहले दो बार छात्रवृत्ति का लाभ मिल चुका है, लेकिन वर्ष 2015-16 के अंतर्गत छात्रवृत्ति नहीं मिल पायी है, जिसके कारण उक्त छात्र को आगे की पढ़ाई में कठिनाई उत्पन्न हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त छात्र को आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिये वर्ष 2015-16 की छात्रवृत्ति का लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

उच्च विद्यालय की स्थापना

*2751. श्री सुनील कुमार (28)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत डुमरा प्रखण्ड स्थित मेहसौल ग्राम तीन पंचायतों का ग्राम है, परन्तु उक्त ग्राम में उच्च विद्यालय स्थापित नहीं रहने से अल्पसंख्यक समुदाय के मेधावी छात्र/छात्राएँ उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हो रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित ग्राम में उच्च विद्यालय की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

प्राथमिक विद्यालय खोलना

*2752. श्रीमती कुन्ती देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत नीमचक बथानी प्रखण्ड के सरैन टोला, भगवानपुर, नटेसर टोला, राजा बिगहा गाँव में प्राथमिक विद्यालय नहीं होने के कारण बच्चों का पठन-पाठन प्रभावित होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ऊपर वर्णित गाँवों में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

प्रोन्नति देकर पदस्थापित करना

*2753. श्री आनन्द शंकर सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत पत्रांक 3548, दिनांक 17 दिसम्बर, 2016 के अनुसार औपबंधिक रूप से प्रोन्नत कुल 340 प्रधानाध्यापकों में से 288 प्रधानाध्यापकों का पदस्थापन कर दिया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि शेष बचे 52 शिक्षकों को आपत्ति लगाकर रोक दिया गया और 30 दिसम्बर, 2016 तक आपत्ति का निराकरण किया जाना था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त 52 शिक्षकों को प्रोन्नति देकर पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करना

*2754. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के डंडारी प्रखण्ड के परतारपुर ग्राम में एक भी मध्य विद्यालय नहीं है, तथा यहाँ से डेढ़ कि० मी० दूर पंचरुखी ग्राम में मिडिल स्कूल अवस्थित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार परतारपुर प्रा०वि० को उत्क्रमित कर मध्य विद्यालय एवं पचरूखी मध्य वि० को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय में परिणत करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रबंधन के विरुद्ध कार्रवाई

*2755. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि क्षेत्रीय शिक्षा उप-निदेशक, सारण प्रमंडल, छपरा द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में दायर याचिका सं० 2084/12 में दिनांक 19 मार्च, 2012 को पारित आदेश के आलोक में नेशनल कॉलेज बरौली, जिला गोपालगंज से संबंधित जाँच प्रतिवेदन कार्रवाई हेतु निदेशक, माध्यमिक शिक्षा को भेजी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जाँच प्रतिवेदन में नियुक्ति वेतन भुगतान में अनियमितता एवं अनुदान की राशि का गबन महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा किये जाने के विरुद्ध कार्रवाई हेतु स्पष्ट अनुशंसाएं रहने के बावजूद निदेशक, माध्यमि शिक्षा बिहार, पटना द्वारा उपरोक्त महाविद्यालय के प्रबंधन के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

कार्रवाई करना

*2756. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखण्ड के शिशवा पटना कॉलेज के खेल मैदान में वर्ष 2009 में खिलाड़ियों को खेलने के लिये स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था, जो अभीतक अपूर्ण है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्टेडियम का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने तथा अबतक निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

सरकारी सेवक के समान सुविधा देना

*2757. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला सहित राज्य में वर्ष 2011-12 से कार्यरत पंचायत एवं नगर शिक्षकों को सरकारी सेवक के अनुरूप वेतनमान अवकाश आदि सुविधा नहीं दिया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त शिक्षकों को पूर्ण वेतमान के साथ सरकारी सेवक के समान अन्य सुविधाएँ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

स्टेडियम को पूर्ण कराना

*2758. श्री नीरज कुमार सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार के द्वारा यह निदेशित है कि बिहार के सभी प्रखंडों, अनुमंडलों एवं प्रमंडलों के मुख्यालयों में एक आउट डोर स्टेडियम का निर्माण किया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रमंडलीय मुख्यालय सहरसा में विगत 38 वर्षों से स्टेडियम का निर्माण कार्य अभीतक अधूरा पड़ा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्टेडियम का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करना

*2759. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत मझौलिया प्रखण्ड के मध्य विद्यालय पुरूषोतिमपुर के आस-पास तीन कि०मी० के अन्दर कोई उच्च विद्यालय नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

आवासीय विद्यालय में परिवर्तित करना

*2760. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम एकचारी पूरब टोला में प्राथमिक-विद्यालय हरिजन टोला एवं ग्राम-चन्नो में प्राथमिक विद्यालय, पासवान टोला बच्चों के पठन-पाठन के लिये उपलब्ध है, किन्तु उक्त प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों के लिये आवासीय सुविधा उपलब्ध नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालयों को आवासीय विद्यालयों में परिवर्तित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पी०जी०की पढ़ाई शुरू करना

*2761. श्री संजय कुमार तिवारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला अंतर्गत एम०वी० कॉलेज में सिर्फ चार विषयों में पी०जी० की पढ़ाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कॉलेज में भूगोल एवं समाजशास्त्र के शिक्षक नहीं होने के कारण छात्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कॉलेज में सभी विषयों के पी०जी० की पढ़ाई शुरू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

प्रबंध कमिटी का गठन करना

*2762. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के बहादुरगंज प्रखंड में बहादुरगंज कॉलेज में विगत् 10 वर्षों से प्रबंध कमिटी का गठन नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

------

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

पटना:
दिनांक 28 मार्च, 2017 (ई०) ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 151 डी०टी०पी०-500